भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 508
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 28 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है

**केरल में भारी उद्योग स्थापित करना**

**508. श्री अब्दुल वहाब:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार केरल राज्य में किसी भारी उद्योग को प्रारंभ करने पर विचार कर रही है; और

(ख) क्या सरकार के पास राज्य सरकार की ओर से कोई अनुरोध लंबित है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क):** जी, नहीं। चूंकि, उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए केरल सहित पूरे देश में किसी भी भारी उद्योग की स्थापना से संबंधित कोई भी केन्द्रीकृत आंकड़ा भारी उद्योग विभाग में नहीं रखा जाता है। भारी उद्योग विभाग की भूमिका इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और सेक्टरों के प्रशासन तक सीमित है।

**(ख):** उपर्युक्त को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

*******